# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

## विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/पीओ/एबी/2014-15/04

# भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती

**ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तिथि : 01.09.2014 से 18.09.2014**

**ऑन-लाइन शुल्क (फीस) जमा करने की तिथि : 01.09.2014 से 18.09.2014**

**ऑफ-लाइन शुल्क (फीस) जमा करने की तिथि : 03.09.2014 से 20.09.2014**

**भर्ती परीक्षा अनन्तिम रूप से नवम्बर 2014 में आयोजित होगी. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संपूर्ण विवरण और अद्यतन जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in नियमित रूप से देखें. परीक्षा का विवरण बिन्दु क्र.4 पर चयन प्रक्रिया के अनुसार होगा.**

भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों में प्रोबेशनरी अधिकारियों के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं पर भी पदस्थ किया जा सकता है.

**रिक्त-पद :**

| बैंक | रिक्त-पद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.वर्ग* | सामान्य | कुल | दृष्टि विकलांग | अस्थि विकलांग |
| एसबीबीजे | 45 | 71 | 81 | 153 | 350 | 15 | 08 |
| एसबीएच | 112 | 157 | 253 | 378 | 900 | 38 | 18 |
| एसबीएम | 70 | 69 | 126 | 235 | 500 | 14 | 16 |
| एसबीपी | 07 | 56 | 13 | 24 | 100 | 14 | 02 |
| एसबीटी | 181 | 180 | 270 | 505 | 1136 | 15 | 15 |
| **कुल** | **415** | **533** | **743** | **1295** | **2986** | **96** | **59** |

| बैंक | उपर्युक्त उल्लिखित कुल रिक्त-पदों में पिछले बकाया रिक्त-पद शामिल हैं | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रिक्त-पद | | | | | |
| | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.वर्ग* | कुल | दृष्टि विकलांग | अस्थि विकलांग |
| एसबीबीजे | - | 49 | - | 49 | 12 | 2 |
| एसबीएच | - | 101 | 51 | 152 | 27 | 7 |
| एसबीएम | - | 34 | - | 34 | 7 | 9 |
| एसबीपी | - | 53 | - | 53 | 14 | 01 |
| एसबीटी | 31 | 105 | - | 136 | - | - |
| **कुल** | **31** | **342** | **51** | **424** | **60** | **19** |

***अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षित रिक्त-पद 'नॉन क्रीमी लेयर' से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. 'क्रीमी लेयर' वाले ओबीसी उम्मीदवार अपनी श्रेणी को सामान्य श्रेणी के रूप में दर्शाएं.**

दृष्टि विकलांग और अस्थि विकलांग श्रेणी के उम्मीदवारों से संबंधित रिक्त-पदों को समस्तर पर आरक्षित किया गया है. आरक्षण सहित सभी रिक्त-पद अनंतिम हैं तथा इनमें सहयोगी बैंकों की आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है.

1 पात्रता मानदण्ड : (01.09.2014 को)

क) अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता :

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी वर्ग में स्नातक या केन्द्र सरकार से मान्यताप्राप्त समकक्ष शैक्षणिक योग्यता. समन्वित दोहरी डिगरी (आईडीडी) प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि आईडीडी की पासिंग (उत्तीर्ण) तिथि पात्रता या उसके पूर्व की तिथि है.

**टिप्पणी :** पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की तिथि विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा जारी अनंतिम प्रमाणपत्र या अंक-तालिका पर दी हुई तिथि होगी. यदि किसी परीक्षा विशेष के परिणाम विश्वविद्यालय/ संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, तो जिस तिथि को परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाते हैं, वही तिथि उत्तीर्ण तिथि के रूप में स्वीकार की जाएगी.

ख) आयु सीमा : (01.09.2014 को)

दिनांक 01.09.2014 को उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. यानी उम्मीदवार का जन्म दिनांक 02.09.1984 से पहले और 01.09.1993 के पश्चात नहीं होना चाहिए. (दोनों दिन समाविष्ट)

**ऊपरी आयु सीमा में छूट :**

ऊपरी आयुसीमा में छूट इस प्रकार है :

| अनुक्रमांक | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2 | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3 | शारीरिक रुप से अशक्त व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी (अजा/अजजा) 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अपिव) 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) 10 वर्ष |
| 4 | आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों (ईसीओ)/ अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों (एसएससीओ) सहित भूतपूर्व सैनिक बशर्ते आवेदनकर्ता ने सैन्य सेवा में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किए गए हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि से एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु उनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिए गए हों. | 5 वर्ष |
| 5. | वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी, 1980 और 31 दिसम्बर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यतः जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे. | 5 वर्ष |

**टिप्पणी : आयु सीमा संबंधी छूट उपर्युक्त मदों या विभिन्न मदों के अंतर्गत दर्शायी गई अन्य आयु सीमा की छूटों को मिलाकर नहीं दी जाएगी.**

2 **अस्थि विकलांग (OH)/दृष्टि विकलांग (VH) उम्मीदवार के लिए टिप्पणियां :**

**ऐसे अस्थि/ दृष्टि विकलांग उम्मीदवार, जो संबंधित विकलांगता के न्यूनतम 40% तक पीडित हैं, के पास केन्द्र या राज्य सरकार के विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी अपंगता प्रमाणपत्र होने चाहिए और जो ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि या उससे पूर्व जारी किए हुए होने चाहिए.**

अ) केवल ऐसे उम्मीदवार ही आवेदन करने के पात्र हैं जिनकी चलने-फिरने संबंधी विकलांगता या प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात की दुर्बलता न्यूनतम 40% हो तथा जो निम्नलिखित श्रेणी के अंतर्गत आते हों ;

एमडब्ल्यू - मांसपेशीय दुर्बलता और सीमित शारीरिक क्षमता
ओएल - एक पैर प्रभावित (दाँया या बाँया)
बी एल - दोनों पैर प्रभावित परंतु भुजाएं नहीं
ओ ए - एक भुजा प्रभावित (दायीं या बायीं) - क) चलने-फिरने में कठिनाई
ख) पकड़ने की कमजोरी
ग) गति विभ्रम

ब) केवल ऐसे दृष्टि विकलांग उम्मीदवार जो निम्नलिखित में से किसी भी एक स्थिति से पीड़ित हो, आवेदन करने हेतु पात्र हैं.

i) दृष्टिहीनता
ii) दृष्टि तीक्ष्णता 6/ 60 से अधिक न हो या सही लैंसों के साथ अच्छी आँख में 20/ 200 (स्नेलेन) से अधिक न हो.
iii) दृष्टि के क्षेत्र की परिसीमा 20 डिग्री के कोण में कक्षान्तरित हो या उससे भी खराब स्थिति में हो.

स) ऐसे उम्मीदवार जो विकलांग उम्मीदवार के लिए समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण सहभागिता अधिनियम, 1995 के प्रथम अध्याय की धारा 2 (यू) के अंतर्गत न्यून दृष्टि क्षमता (लो-विज़न) वाले श्रेणी में आते हैं.

द) प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात के कारण जिन उम्मीदवारों की लेखन गति कम हो, केवल उन उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के दौरान लेखन कार्य के लिए लिपिक का उपयोग अनुमत किया जाएगा, ऐसे सभी मामलों में जिनमें लिपिक का उपयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होते हैं :

i) उम्मीदवार को अपनी स्वयं की लागत पर अपने लिए लिखनेवाले की व्यवस्था करनी होगी.
ii) उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचन पत्र देना होगा.
iii) दृष्टिहीनता/ दृष्टि तीक्ष्णता और अन्य उम्मीदवार जिनके लिखने की गति प्रभावित है, वे लेखन कार्य के लिए लिपिक का प्रयोग करें या नहीं, उन्हें प्रत्येक घंटे/ या उसके हिस्से के लिए 20 मिनट प्रति घंटे के आधार पर अतिरिक्त समय की अनुमति दी जाएगी.

3 **श्रेणी :**

**ऑनलाइन आवेदन करते समय श्रेणी का नाम एवं श्रेणी कोड लिखने संबंधी निर्देश :**

**उम्मीदवार जो अन्य पिछड़े वर्ग के हों लेकिन 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत आते हों उन्हें आरक्षण तथा आयु-सीमा में छूट का लाभ नहीं मिलेगा. ऐसे उम्मीदवार अपनी श्रेणी 'सामान्य' अथवा 'सामान्य अस्थि विकलांग' 'सामान्य दृष्टि विकलांग' (जो भी लागू हो) के रूप में दर्शाएं.**

विविध श्रेणी के नाम एवं उनके कोड नम्बर नीचे दिए गए हैं.

कृपया ध्यान रखें कि ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण करने के बाद श्रेणी में बदलाव नहीं किया जायेगा.

| श्रेणी का नाम | कोड क्रमांक | श्रेणी का नाम | कोड क्रमांक | श्रेणी का नाम | कोड क्रमांक | श्रेणी का नाम | कोड क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ.जा. | 01 | अ.ज.जा. | 04 | अ.पि.व. | 07 | सामान्य | 10 |
| अ.जा. (अस्थि विकलांग) | 02 | अ.ज.जा. (अस्थि विकलांग) | 05 | अ.पि.व. (अस्थि विकलांग) | 08 | सामान्य (अस्थि विकलांग) | 11 |
| अ.जा. (दृष्टि विकलांग) | 03 | अ.ज. जा. (दृष्टि विकलांग) | 06 | अ.पि.व. (दृष्टि विकलांग) | 09 | सामान्य (दृष्टि विकलांग) | 12 |

4. चयन प्रक्रिया

**चरण I** - वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा 200 अंक की और वर्णनात्मक परीक्षा 50 अंक की होगी.

**वस्तुनिष्ठ परीक्षा ऑनलाइन होगी. ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के बाद तुरंत वर्णनात्मक परीक्षा होगी. वर्णनात्मक परीक्षा से संबंधित प्रश्न कम्प्यूटर पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और उम्मीदवारों को उन्हें उपलब्ध करायी गई उत्तर-पुस्तिका (ऑफलाइन) पर पेन से लिखकर उत्तर देने होंगे.**

i) **वस्तुनिष्ठ परीक्षा :** वस्तुनिष्ठ परीक्षा की अवधि 120 मिनट होगी, उसमें निम्नानुसार 4 अनुभाग होंगे प्रत्येक अनुभाग 50 अंकों का होगा (200 अंक) : -

क) अंग्रेजी भाषा की परीक्षा (व्याकरण, शब्दावली, परिज्ञान इत्यादि)
ख) सामान्य जानकारी, विपणन एवं कंप्यूटर्स
ग) डाटा विश्लेषण और प्रतिपादन
घ) तर्क ज्ञान की परीक्षा (उच्च स्तर)

उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके सभी परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

ii) **वर्णनात्मक परीक्षा :** वर्णनात्मक परीक्षा की अवधि 1 घंटा होगी (50 अंक) और उसमें अंग्रेजी भाषा ( परिज्ञान, सार लेखन, पत्राचार और निबंध) की परीक्षा होगी. उम्मीदवारों को पासिंग अंक प्राप्त करके वर्णनात्मक परीक्षा में योग्यता प्राप्त करनी होगी, जिसे बैंक द्वारा निर्धारित किया जाएगा.

**केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक प्रश्नपत्रों का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्रत्येक प्रश्नपत्र में पात्रता अंक प्राप्त किए होंगे और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों का स्तर पर्याप्त होगा.**

(ख) **चरण II** - **समूह चर्चा (20 अंक) एवं साक्षात्कार (30 अंक)**

समूह चर्चा (20 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक) लिखित एवं वर्णनात्मक परीक्षा के प्रत्येक श्रेणी के कुल अंकों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा. बैंक के निर्णय अनुसार प्रत्येक श्रेणी में पर्याप्त अंक प्राप्त करनेवाले उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा. समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंको का निर्धारण बैंक द्वारा किया जाएगा.

**अन्य पिछडे वर्गों की श्रेणी में जिन उम्मीदवारों ने समूह चर्चा और साक्षात्कार में पात्रता अंक प्राप्त किए हैं उन्हें 'नॉन क्रीमी लेयर' उपवाक्य वाला अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. 'नॉन क्रीमी लेयर' उपवाक्य वाला अपिव का प्रमाणपत्र नहीं प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों द्वारा सामान्य श्रेणी के अंतर्गत साक्षात्कार लेने संबंधी अनुरोध करने पर बैंक कोई विचार नहीं करेगा.**

**अंतिम चयन**

उम्मीदवारों को चरण I और चरण II दोनों में अलग अलग योग्यता प्राप्त करनी होगी.

उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों को (250 अंकों में से) 75 अंकों के अनुसार और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों को (50 अंको में से) 25 अंकों के अनुसार रूपांतरित किया जाएगा. प्रत्येक श्रेणी के लिए 100 में से लिखित परीक्षा और समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के रूपांतरित किए गए अंकों को मिलाने के बाद योग्यता सूची तैयार की जाएगी.

प्रत्येक श्रेणी में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से चयन किया जाएगा. चरण II के लिए पात्र होनेवाले उम्मीदवारों के परिणाम और उसके बाद अंतिम चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी. अंतिम चयन सूची को एम्प्लायमेंट न्यूज/ रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा.

5. **परीक्षा :** नवम्बर 2014 को होगी. (अनंतिम रूप से)

**परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची बिंदु क्र. 17 में दी गई है.**

जिस केंद्र पर उम्मीदवार परीक्षा देना पसंद करता है उस केंद्र का नाम और कोड नंबर चुने. किसी भी स्थिति में चुने गए परीक्षा केंद्र में बदलाव नहीं होगा. किसी भी केंद्र को समाविष्ट करने, निरस्त करने या परीक्षा की तिथि बदलने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है.

6. **परिलब्धियाँ :**

कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल I को लागू वेतनमान रु. 14500-600/ 7-18700-700/ 2-20100-800/ 7-25700 के अनुसार प्रारम्भिक मूल वेतन रु 14,500/- है. प्रतिपूरक पैकेज में आकर्षक वेतन और सुसज्जित आवास या

अगले पृष्ठ पर देखें...

पिछले पृष्ठ से जारी...

मकान किराया भत्ता, वाहन भत्ता, चिकित्सा लाभ, एलएफसी/ एचटीसी, रियायती ब्याज पर ऋण आदि का समावेश है. संबंधित बैंकों द्वारा दी जाने वाली परिलब्धियाँ, नियुक्ति का स्थान आदि से प्रतिपूरक राशि में फर्क होता है. मुंबई में यह औसतन लगभग प्रति माह रु . 65,000/- है. वेतनमान में संशोधन होना बाकी है.

**7 आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (वापस न करने योग्य)**

| क्रमांक | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1 | अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूडी | रु. 100/- (सूचना प्रभार मात्र) |
| 2 | अन्य सभी उम्मीदवार | रु. 500/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

शुल्क/ सूचना प्रभार भुगतान करने पर उसकी वापसी नहीं होगी या उस राशि को अन्य किसी परीक्षा या अन्य चयन के लिए रोककर नहीं रखा जाएगा.

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उम्मीदवार को बैंक लेनदेन प्रभार के रूप में आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार अदा करना होगा.

8 भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों द्वारा अ.जा./ अ.ज.जा./ धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निम्न केंद्रों पर परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है, वे उम्मीदवार जो उपर्युक्त श्रेणियों से संबंधित हैं और अपने खर्च पर इस प्रशिक्षण के इच्छुक हैं, वे ऑन-लाइन आवेदन पत्र के संबंधित कालम में सूचित करें.

निम्न प्रशिक्षण केंद्रों की सूची निर्देशात्मक है. अतिरिक्त केंद्रों पर प्रशिक्षण कराने का या सूची में समाविष्ट कुछ केंद्रों को हटाने का निर्णय संबंधित बैंक के विवेकाधीन है.

| क्रमांक | बैंक का नाम | परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण आयोजित होने वाले केंद्रों के नाम |
|---|---|---|
| 1 | स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर और जयपुर | जयपुर, बीकानेर और उदयपुर |
| 2 | स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद | हैदराबाद |
| 3 | स्टेट बैंक ऑफ मैसूर | बैंगलुरु और मैसूर |
| 4 | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला | पटियाला |
| 5 | स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर | तिरुवनंतपुरम और एर्णाकुलम |

जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प मांगा है, वे प्रशिक्षण के लिए कॉल लेटर को पंजीयन नंबर और पास वर्ड/ जन्म दिनांक की प्रविष्टि करके बैंक की वेबसाइट से दिनांक 21.10.2014 से डाउनलोड करें. कॉल लेटर की हार्ड प्रति डाक द्वारा नहीं भेजी जाएगी.

**9 अवसरों की संख्या :**

| श्रेणी | अवसरों की संख्या |
|---|---|
| सामान्य | 4 |
| सामान्य (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अपिव | 7 |
| अपिव (पीडब्ल्यूडी) | 7 |
| अजा/ अजजा (पीडब्ल्यूडी)/ अजा/ अजजा (पीडब्ल्यूडी) | कोई प्रतिबंध नहीं |

सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार जिन्होंने एसबीआई के सहयोगी बैंकों में प्रोबेशनरी अधिकारियों की भर्ती परीक्षा चार बार दी है, वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

सामान्य (पीडब्ल्यूडी) अपिव और अपिव (पीडब्ल्यूडी) के संबंध में अवसरों को दि. 07.03.2010 को हुई पिछली परीक्षा से गिना जाएगा.

10. **<u>आवेदन कैसे करें :</u>**

**ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश :**

उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से अपना पंजीकरण स्वयं ऑनलाइन करना होगा. उसके बाद आवश्यक आवेदन शुल्क निम्न में से किसी एक तरीके से भरना होगा

1) ऑफलाइन पद्धति :
उम्मीदवार की जानकारी के साथ पहले से छपी हुई नकद रसीद/ चालान फार्म कम्प्यूटर तैयार करेगा जो आवश्यक फीस के साथ भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा के काउन्टर पर जमा करना होगा, कंम्प्यूटर से बने चालान फार्म को आवश्यक फीस के साथ जमा किए जाने से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होगी.

2) ऑनलाइन पद्धति से भुगतान करने के लिए डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और आईएमपीएस द्वारा मोबाइल बैंकिंग का प्रयोग किया जा सकता है. ऑनलाइन आवेदन के लिए जरूरी बातेः
उम्मीदवार के पास अपना वैध ई-मेल आईडी होना चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए. उसके जरिए कॉल लेटर/ साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई-मेल से उनको मिलने में सहायता होगी.

**<u>विकल्प - 1: फीस का भुगतान (ऑफलाइन)</u>**

1) उम्मीदवार प्रथम अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करें. वह करते समय यह सुनिश्चित कर लें कि फोटोग्राफ (20 केबी-50 केबी) और हस्ताक्षर (10 केबी -20 केबी) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के बारे में जरूरी निर्देशों में दी हुई विशेष सूचना के अनुसार है.

2) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** देखें और सही ऑनलाइन आवेदन फॉर्मेट खोले, जो `एसबीआई के साथ कैरीयर' लिंक में उपलब्ध है.

3) आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें. एक बार आवेदन पत्र संपूर्णतः भरे जाने पर उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें.
यदि आवेदक एक बार में पूर्ण विवरण नहीं भर पाता है, तो भरे हुए विवरण को सुरक्षित (save) कर ले. विवरण सुरक्षित हो जाने पर सिस्टम द्वारा उत्पादित अनंतिम पंजीयन संख्या एवं पासवर्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा, जिसे नोट करें. इस पंजीयन संख्या एवं पासवर्ड के प्रयोग से वे सुरक्षित डाटा पुनः खोल सकते हैं और जरूरत होने पर यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध करायी जा सकती है. आवेदन पत्र पूर्णतः भरने पर उम्मीदवार डाटा प्रस्तुत करें और तुरंत सिस्टम द्वारा निर्मित फीस भुगतान चालान का प्रिंटआउट ले लें. उसके बाद बदलाव/ संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा. इस चरण पर यह पंजीयन अनंतिम है.

4) फीस भुगतानः
पंजीयन तिथि के बाद दूसरे कार्यदिवस से फीस भुगतान स्वीकार किया जायगा और तीन कार्य दिवस के अंदर भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में फीस का भुगतान किया जा सकेगा. फीस भुगतान करने हेतु सिस्टिम से प्राप्त फीस भुगतान चालान का प्रयोग किया जाएगा. फीस भुगतान होने पर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाती है.

5) फीस भुगतान के तीन कार्यदिवस के बाद आवेदक पंजीयन की पुष्टि ई-मेल/ एसएमएस द्वारा प्राप्त करेगा. पंजीयन पुष्टि प्राप्त करने के लिए कृपया सही मोबाइल संख्या एवं ई-मेल पता भरना सुनिश्चित कर लें.

6) फीस भुगतान के तीन दिन बाद प्रस्तुत आवेदन पत्र फीस विवरण सहित फिर से प्रिन्ट करने का प्रावधान भी उपलब्ध होगा. आवेदन फॉर्म और फीस भुगतान रसीद आवेदक अपने पास संदर्भ के लिए रखें.

**<u>विकल्प - 2 फीस का भुगतान (ऑनलाइन भुगतान)</u>**

1) ऊपर विकल्प -1 के (1) से (3) तक के निर्देशों के आवेदन विवरण भरें. यद्यपि फीस भुगतान चालान सिस्टिम द्वारा तैयार नहीं होगा, फिर भी फीस भुगतान वहाँ उपलब्ध पेमेंट गेट वे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

2) आवेदन पत्र में भरे विवरण सही है यह सुनिश्चित करने के बाद आवेदन को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेट वे के माध्यम से भुगतान करना होगा. **इसके पश्चात कोई बदलाव/संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा.**

3) स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से प्रदान की जा सकती है. ऑनलाइन लेनदेन व्यय, अगर कोई है, आवेदकों द्वारा वहन किया जाएगा.

4) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदक अपने रिकार्ड हेतु ले लें. **आवेदन का प्रिंटआउट बैंक को न भेजें.**

5) यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुनः पंजीकरण करें. आवेदक ऑनलाइन लिंक पर जाएं और अपना आवेदन विवरण पुनः भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

6) ई-रसीद एवं आवेदन पत्र फीस विवरण सहित फिर से प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देश :**

ऑनलाइन आवेदन करने के पहले उम्मीदवार को निम्न निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) प्रतिमा अनुलग्नक -1 के अनुसार बनानी होगी. विशेष विवरण के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किए बगैर ऑनलाइन आवेदन का पंजीयन नहीं होगा.

**टिप्पणी :**

क) यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नही है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार हो सकता है.

ख) यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार अपना आवेदन एडिट करें और फोटो और हस्ताक्षर पुनश्च अपलोड करें.

ग) उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने के बाद प्रणाली निर्मित ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंट आउट लें.

**11. लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर्स**

उम्मीदवार दि. 27.10.2014 से बैंक की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन नंबर एवं पास वर्ड/ जन्मदिनांक की प्रविष्टि करके कॉल लेटर और `एक्वेंट युवरसेल्फ' पुस्तिका डाउनलोड करें, **कॉल लेटर/एक्वेंट युवरसेल्फ पुस्तिका डाक से नहीं भेजी जाएगी.**

12. **पहचानपत्र की पुष्टि परीक्षा के समय प्रस्तुत करनी होगी.**

उम्मीदवार अपने साथ फोटो पहचान पत्र/ प्रमाण अवश्य लाएं जैसे कि पासपोर्ट/ आधार/ पैन कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेन्स/ मतदाता पत्र/ साक्षांकित फोटो के साथ बैंक पास बुक/ स्कूल या कॉलेज जारी पहचान पत्र/ राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी लेटरहेड मूल और स्वयंसाक्षांकित फोटो प्रतिलिपि. **पहचान पत्र की फोटो कॉपी कॉल लेटर के साथ परीक्षा हॉल में पर्यवेक्षक को देनी होगी अन्यथा या उम्मीदवार की पहचान पर आशंका हो, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा.**

**13. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई**

उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/ संलग्न न करें जो असत्य, जाली/ बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्त्वपूर्ण सूचना को न छिपाएं. यदि लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है :

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या प्रश्नपत्र (अथवा उसका कोई भाग)/ उत्तर पुस्तिका को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाने या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ हीः

क) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे **अयोग्य** घोषित किया जाएगा.

ख) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए **वंचित** कर दिया जाएगा.

**14. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूंढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एकजैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.**

**15. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

क) जहां परीक्षा आयोजित की गयी है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन सूचनाओं का पालन न करनेवाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

ख) उम्मीदवारों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/ पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

ग) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**16. सामान्य सूचना :**

(i) उम्मीदवार ने जिस पद के लिए आवेदन किया है, उस पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में संतुष्टि करें ऐसे सभी उम्मीदवारों को ऑन लाइन आवेदन में प्रस्तुत जानकारी और आवश्यक फीस का भुगतान करने पर परीक्षा में शामिल होने की बैंक अनुमति देगा और साक्षात्कार के समय पात्रता को निर्धारित करेगा.

(ii) जो उम्मीदवार सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालय, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सभी सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत हैं, उनको सूचना दी जाती है कि वे अपने नियोक्ता से `अनुमति पत्र' लेकर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें जिसके बिना उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और सफर का किराया, अगर है, तो उसका भुगतान नही किया जाएगा.

(iii) नियुक्ति स्वीकारने के समय, उम्मीदवार को अपने पूर्व नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

(iv) अ.जा/ अ.ज.जा उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाण पत्र प्रस्तुत करता होगा.

(v) अ.पि.व. श्रेणी में आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में वचनपत्र देना होगा कि वह दिनांक 18.09.2014 को क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं था. दि.01.04.2014 से साक्षात्कार की अवधि के दौरान जारी `नॉन क्रीमी लेयर' उल्लिखित अपिव प्रमाणपत्र वाले उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें वह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए.

(vi) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से काफी पहले ऑन लाइन आवेदन करें और फीस का भुगतान करें ताकि इंटरनेट पर अतिभार से या वेबसाइट बंद होने से डिस्कनेक्शन/असहायता/वेबसाइट पर लॉग ऑन के लिए असमर्थता आदि न हो.**

(vii) **उपर्निर्दिष्ट कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण के बाहर के कारणों से अंतिम तिथि के पहले आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थता होने वाले उम्मीदवारों की जिम्मेदारी भारतीय स्टेट बैंक की नहीं होगी.**

(viii) **उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत न करें. यदि उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन मान्य होगा और अन्य पंजीकरण निरस्त किए जाएंगे. किसी भी उम्मीदवार की ऑनलाइन परीक्षा और /साक्षात्कार में अनेक आवेदनों से उपस्थिति अस्वीकार होगी / उम्मीदवारी रद्द की जाएगी.**

(ix) **परीक्षा के आयोजन के समय कुछ समस्याओं के उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिसका प्रभाव परीक्षा के आयोजन तथा/अथवा परिणामों पर भी पड़ सकता है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और ऐसे प्रयास में यदि आवश्यक हुआ तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना शामिल है.**

(x) भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लगने पर कि उम्मीदवार पात्रता संबंधी मानदंड पूरा नहीं करता/ करती है तथा/ अथवा उसने झूठ/ गलत विवरण दिया है या महत्त्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इनमें से किसी कमी का पता यदि उसकी नियुक्ति के बाद लगता है, तो उसे सेवा से तत्काल निकाला जा सकता है.

(xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल आईडी कॉल लेटर/ साक्षात्कार निर्देश आदि पाने के लिए एक्टिव रखें.

(xii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति संबंधित बैंक द्वारा नियुक्त/ अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन होगी.

(xiii) पात्रता, लिखित परीक्षा का संचालन, अन्य परीक्षाएं और चयन आदि सभी मामलों के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा. इस संबंध में बैंक कोई भी अभ्यावेदन/ पत्र-व्यवहार स्वीकार नहीं करेगा.

(xiv) इस विज्ञापन से उत्पन्न मामले का दावा या विवाद कोई कानूनी कार्यवाही और/ या उसके बारे में आवेदन केवल मुंबई में प्रारंभ किया जा सकता है और मुंबई स्थित न्यायालय/ प्राधिकरण/ मंच को ही कारण/ विवाद पर मुकदमा चलाने का एकमात्र तथा अनन्य अधिकार है.

**17. परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)**

परीक्षा निम्नलिखित केंद्रों पर होगी और उनका पता कॉल लेटर में सूचित किया जाएगा. किसी भी केंद्र को समाविष्ट करने का या रद्द करने का अधिकार जो प्रतिसाद, प्रशासनिक संभाव्यता आदि के बारे में अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है. उम्मीदवार को उसने विकल्प दिए केंद्र के अलावा किसी भी केंद्र पर भेजने का अधिकार भी बैंक के पास सुरक्षित है.

अगले पृष्ठ पर देखें...

पिछले पृष्ठ से जारी...

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|
| 11 | अण्डमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | 1) चिराला 2) चित्तूर 3) गुंटूर 4) हैदराबाद 5)काकीनाडा 6) करीमनगर 7) खम्माम 8) कुर्नुल 9) नेल्लोर 10) ओंगोले 11) पुत्तुर 12) राजमुंद्री 13) श्रीकाकुलम 14) तिरूपति 15)विजयवाडा 16) विशाखापट्नम 17) विजियानगरम् 18) वारंगल |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | 1) इटानगर 2) नाहरलागोर |
| 14 | असम | 1) डिबरूगढ़ 2) गुवाहाटी 3) जोरहट 4) कोकराझार 5) सिलचर 6) तेजपुर |
| 15 | बिहार | 1) अराह 2) औरंगाबाद 3) भागलपुर 4) बिहारशरीफ 5)दरभंगा 6) गया 7) हाजीपुर 8) मुज़फ्फरपुर 9) पटना 10) पुर्णिया 11) समर्थपुर 12) सिवान |
| 16 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 17 | छत्तीसगढ़ | 1)भिलाई 2) बिलासपुर 3) रायपुर |
| 18 | गोवा | 1) पणजी 2) वेरना |
| 19 | गुजरात | 1) अहमदाबाद 2) आणंद 3) गांधीनगर 4) हिम्मतनगर 5) जामनगर 6) मेहसाणा 7) राजकोट 8) सुरत 9) वडोदरा |
| 20 | हरियाणा | 1) अंबाला 2) बहादुरगढ़ 3) हिस्सार 4) जिंद 5) करनाल 6) कुरुक्षेत्र 7) पालवल 8) पानीपत 9) रोहतक 10) सोनिपत 11) यमुनानगर |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | 1) बद्दी 2) बिलासपुर 3) धरमशाला 4) हमीरपुर 5) कांगड़ा 6) कुलू 7) मंडी 8) सिरमौर 9) शिमला 10) सोलन 11) सुंदरनगर 12) ऊना 13) वाकनाघाट |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | 1) अनंतनाग 2) जम्मू 3) काथु 4) सांबा 5) श्रीनगर 6) उधमपुर |
| 23 | झारखंड | 1) बोकारो 2) धनबाद 3) हजारीबाग 4) जमशेदपुर 5) रांची |
| 24 | कर्नाटक | 1) बेलगाम 2) बेंगलुरु 3) बिदर 4) बिजापुर 5) धारवाड 6) गुलबर्गा 7) गडग 8) हलियाल 9) हुबली 10) मंगलोर 11) मैसूर 12) शिमोगा 13) उडिपी |
| 25 | केरल | 1) अलप्पुझा 2) कन्नुर 3) कोचि 4) कोल्लाम 5) कोट्टायम 6) कोझिकोडे 7) मलप्पुरम 8) पालक्कड 9) त्रिचुर 10) तिरुवनंतपुरम |
| 26 | लक्षद्वीप | कवराती |
| 27 | मध्य प्रदेश | 1) भोपाल 2) ग्वालियर 3) इंदौर 4) जबलपुर 5) सागर 6) सतना 7) उज्जैन |

| राज्य कोड | राज्य/ केन्द शासित प्रदेश | केंद्र |
|---|---|---|
| 28 | महाराष्ट्र | 1) अमरावती 2)औरंगाबाद 3) चंद्रपुर 4) धुळे 5) जळगांव 6) कोल्हापुर 7) लातुर 8) मुंबई/ ठाणे / नवी मुंबई 9) नागपुर 10) नांदेड 11) नासिक 12) पुणे 13) रत्नागिरी 14) सांगली 15) सातारा |
| 29 | मणिपुर | इम्फाल |
| 30 | मेघालय | 1) री-भोई 2) शिलांग |
| 31 | मिज़ोरम | आइजवाल |
| 32 | नागालैंड | 1) कोहिमा 2) दिमापुर |
| 33 | दिल्ली – एनसीआर | 1) दिल्ली 2) फरिदाबाद 3) गाजियाबाद 4) ग्रेटर नोएडा 5) गुडगांव |
| 34 | ओडिसा | 1) अंगुल 2) बालासोर 3) बारगढ़ 4) बारीपदा 5) बऱ्हमपुर (गंजम) 6) भुवनेश्वर 7) कटक 8) धेनकनाल 9) झारसुगडा 10) राऊरकेला 11) संबलपुर |
| 35 | पुडुचेरी | पुडुचेरी |
| 36 | पंजाब | 1) अमृतसर 2) भटिण्डा 3) फतेगढ़ साहिब 4) जालंधर 5) लुधियाना 6) मोहाली 7) पठाणकोट 8) पटियाला 9) फगवारा 10) संगरुर |
| 37 | राजस्थान | 1) अजमेर 2) अलवर 3) भीलवाड़ा 4) बीकानेर 5) जयपुर 6) जोधपुर 7) कोटा 8) सीकर 9) उदयपुर |
| 38 | सिक्किम | गंगटोक |
| 39 | तामिलनाडु | 1) चेन्नई 2) कोयम्बतुर 3) डिंडिगुल 4) कृष्णगिरी 5) मदुराई 6) नागरकोईल 7) नमक्कल 8) पेराम्बुलुर 9) पुडूचेरी 10) सालेम 11) तंजावुर 12) तिरुचिरापल्ली 13) थुथूकोडी 14) तिरुनेलवेल्ली 15) वेल्लोर |
| 40 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 41 | उत्तर प्रदेश | 1) आगरा 2) अलीगढ़ 3) इलाहाबाद 4) बरेली 5) बुलंदशहर 6) फैजाबाद 7) गोरखपुर 8) झाँसी 9) कानपुर 10) लखनऊ 11) मथुरा 12) मेरठ 13) मुरादाबाद 14) मुझफ्फरनगर 15) उन्नाव 16) वाराणसी |
| 42 | उत्तराखंड | 1) देहरादून 2) हल्दवानी 3) हरिद्वार 4) रुड़की |
| 43 | पश्चिम बंगाल | 1) आसनसोल 2) बऱ्हमपुर (पश्चिम बंगाल) 3) बर्धमान 4) दमकल 5) दुर्गापुर 6) हुगली 7) हावड़ा 8) कल्याणी 9) कोलकाता 10) सिलीगुडी |

**किसी भी प्रकार की सिफारिश अपात्रता मानी जाएगी.**

**मुंबई,** **महाप्रबंधक**

**दिनांक : 30.08.2014**

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट : http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in पर भी उपलब्ध है.**

**प्रिंटिंग त्रुटि, यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

**ANNEXURE I**

### (i) फोटोग्राफ प्रतिमा

- फोटोग्राफ अद्यतन, पासपोर्ट साइज और रंगीन होना चाहिए
- प्रतिमा (पिक्चर) रंगीन होनी चाहिए और वह सफेद या फीकी पार्श्वभूमि पर होनी चाहिए.
- स्वस्थ चित्त होकर कॅमेरा की ओर सीधे देखें.
- यदि प्रतिमा सूर्यप्रकाश में ली जाएं तो सूरज आपके पीछे हो या आप छाया में खड़े हो जिससे आपकी प्रतिमा साफ आएं.
- अगर आप को फ्लैश का उपयोग करना पड़े तो 'रेड आई' न हो.
- अगर आप ऐनक का उपयोग करते हैं, तो आपकी आँखे साफ नजर आने के लिए ऐनक पर प्रतिबिंब न हो.
- टोपियाँ, हैट और काला चष्मा स्वीकार नहीं है. धार्मिक परंपरा के अनुसार पगड़ी स्वीकार्य है, पर उससे आपका चेहरा ढकना नहीं चाहिए.
- आयाम 200 X 230 पिक्सैन (अधिमानित)
- फाइल का साइज 20 केबी-50 केबी के दरम्यान हो.
- सुनिश्चित करें कि स्कैन प्रतिमा की साइज 50 केबी से अधिक न हो. उसके बाद स्कैनर का सेटिंग समायोजित इस तरह करें कि डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनिंग ठीक हो.

### (ii) हस्ताक्षर प्रतिमा:

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काले स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल उम्मीदवार का हो, और अन्य किसी व्यक्ति का किए हस्ताक्षर से न मिले.
- परीक्षा के समय यदि उत्तर पुस्तिका (स्क्रिप्ट) पर किए हुए उम्मीदवार के हस्ताक्षर उपस्थिति पत्रक के हस्ताक्षर से नहीं मिलते हों, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- आयाम 140 X 60 पिक्सेल (अधिमानित)
- फाइल की साइज 10 केबी-20 केबी हो
- सुनिश्चित करें कि स्कैन्ड प्रतिमा साइज 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग**

- स्कैन का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डॉटस् प्रति इंच) सेट करें.
- असली कलर सेटिंग करें.
- फाइल साइज (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर प्रतिमा स्कैनर पर रखें, तत्पश्चात अपलोड एडिटर की मदद से प्रतिमा को अंतिम साइज में लाएं (जैसा ऊपर विनिर्दिष्ट किया गया है)
- प्रतिमा की फाइल जेपीजी या जेपीईजी फारमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम image01.jpg or image01.jpeg. प्रतिमा के आयाम की जांच फोल्डर फाइल का लिस्टिंग करके या माऊस को फाइल इमेज आईकॉन की ओर घुमाकर की जा सकती है.

एमएस विन्डोज/एमएस ऑफिस इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में जो क्रमशः 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो, एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर की मदद से आसानी से कर सकते हैं. किसी भी फारमैट में उपलब्ध स्कैन्ड फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फारमैट में सेव ॲज विकल्प चुनकर फाइल मेनू में सेव किया जा सकता है और फोटो का साइज 50 केबी से कम और हस्ताक्षर का साइज 20 केबी से कम साइज में लाया जा सकता है. इसके लिए क्रॉप का और रिसाइज विकल्प 'इमेज मेन्यू' में करें ( पिक्सैल साइज के लिए कृपया उपर्युक्त बिंदु 1.और 2. देखें) इसी तरह का विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध है.

**यदि फाइल साइज एवं फारमैट निर्धारित मानदंड के अनुसार नही है, तो एरर (त्रुटि) संदेश नजर आएगा.**

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उम्मीदवार को उसका फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए लिंक का उपलब्ध कराया जाएगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए कार्य प्रणाली:**

i) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग-अलग लिंक होंगे.
ii) संबंधित लिंक पर 'अपलोड फोटोग्राफ/ हस्ताक्षर' क्लिक करें.
iii) स्कैन्ड फोटो/ हस्ताक्षर फाइल जहाँ पर 'सेव' की गई हो, वह स्थान ढूँढकर सिलेक्ट करें.
iv) क्लिक से फाइल सिलेक्ट करें.
v) 'अपलोड' बटन पर क्लिक करें